| |
|---|
| दिनांक 06.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 10/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## थाना सदर बाजार जनपद झांसी तथा थाना जीआरपी, जनपद हरदोई को मिला आईएसओ (ISO) प्रमाण–पत्र

माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश **श्री योगी आदित्यनाथ जी** के दूरदर्शी मार्गदर्शन और पुलिसिंग में सतत् सुधार के निर्देशों के प्रभावी अनुपालन में **पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण** के कुशल नेतृत्व एवं सतत् मॉनिटरिंग से प्रदेश के दो पुलिस थानों को ISO प्रमाणन/सत्यापन प्राप्त हुआ है।

आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त होना मानकीकृत प्रक्रियाओं, समयबद्ध सेवा–प्रदान, रिकॉर्ड प्रबंधन और जवाबदेही को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि माननीय मुख्यमंत्री जी के "आधुनिक, नागरिक–केंद्रित और परिणाम–उन्मुख" पुलिस व्यवस्था के लक्ष्य को धरातल पर उतारने में डीजीपी महोदय की प्रभावी कार्ययोजना, फील्ड–स्तर पर अनुपालन और गुणवत्ता–संस्कृति को मजबूती देने का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा थाना सदर बाजार जनपद झांसी एवं जीआरपी हरदोई की पूरी टीम को बधाई दी गई तथा यह आशा व्यक्त की गई कि भविष्य में भी इसी निष्ठा, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ यात्रियों एवं आमजन की सेवा निरंतर की जाती रहेगी।

CERTIFICATE CERTIFICATE CERTIFICATE CERTIFICATE

# Certificate of Registration

***This is to certify that***
***The Quality Management System of***

## POLICE STATION SADAR BAZAR JHANSI

**Address- Sadar Bazar Jhansi (U.P.) India 284001**

*has been assessed and found to be in accordance with the requirements of the Quality Management System standard*

# ISO 9001:2015

for the following scope :

**MAINTAINING LAW & ORDER, PUBLIC SERVICES , MISSION SHAKTI , IGRS AND PREVENTION OF CRIME IN THE TERRITORY COVERED UNDER POLICE STATION**

**Certificate No. : SAA1Q0305V26**

ISSUE DATE : 03/01/2026
EXPIRY DATE : 02/01/2029

1ST SURVEILLANCE DUE : 02/01/2027
2ND SURVEILLANCE DUE : 02/01/2028

Managing Director

مركز الإمارات العالمي للاعتماد
Emirates International Accreditation Centre
CB-QMS-103

VRCCPL VRCCPL VRCCPL VRCCPL

**VRC Certification Pvt. Ltd.**
**5A, 2nd Floor, Laxmanpuri, Lucknow-226016, (U.P) India**
**Visit:- www.vrccertification.com, Email-info@vrccertification.com**

This Certificate is intellectual Property of VRC and can be maintained through surveillance and renewal audits.
Certificate should be returned to VRC in case of non compliance of certification procedure.
Authenticity & Status of this certificate can be verified at www.vrccertification.com

VRC

# *Certificate of Registration*

***This is to certify that***
***The Quality Management System of***

## THANA GRP HARDOI

**Address : Thana GRP Hardoi, Hardoi Railway Station**
**District Hardoi, 241001 U.P (India)**

*has been assessed and found to be in accordance with the requirements of the Quality Management System standard*

# ISO 9001:2015

for the following scope :

**Maintain Law and Order at Hardoi Railway Station and in Trains Passing Through its Jurisdiction. Ensure The Safety of Passengers and Security of Their Belongings. Register and Investigate Crimes Related to Railways Within the Jurisdiction of the Police Station.**

CERTIFICATE NO. : TGL5Q3122V25

ISSUED DATE : 31/12/2025
EXPIRY DATE : 30/12/2028

1ST SURVEILLANCE DUE : 30/12/2026
2ND SURVEILLANCE DUE : 30/12/2027

Managing Director

MEMBER OF MULTILATERAL RECOGNITION ARRANGEMENT IAF

eiac مركز الإمارات العالمي للاعتماد
Emirates International Accreditation Centre
CB-QMS-103

VRC

VRC Certification Pvt. Ltd.
5A, 2nd Floor, Laxmanpuri, Lucknow-226016, (U.P) India
Visit:- www.vrccertification.com, Email-info@vrccertification.com

This Certificate is intellectual Property of VRC and can be maintained ...

CERTIFICATE CERTIFICATE CERTIFICATE CERTIFICATE VRCCPL VRCCPL VRCCPL


VRC
Certificate of Registration
This is to certify that
The Quality Management System of
THANA GRP HARDOI
ISO 9001:2015
IAF
VRC



| |
|---|
| दिनांक 06.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 11/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 06.01.2026 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाजिद होटल के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—गुलजार उर्फ मामा घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—नसीम सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त गुलजार उर्फ मामा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर से 25 हजार रूपये व थाना किला जनपद पानीपत, हरियाणा से 05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त गुलजार उर्फ मामा के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, कमिश्नरेट गाजियाबाद, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड प्रान्त के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 43 अभियोग व अभियुक्त नसीम के विरूद्ध जनपद मेरठ, बागपत व उत्तराखण्ड के विभिन्न थानों पर लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गुलजार उर्फ मामा निवासी इस्लामनगर थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

2–नसीम निवासी नूठखास थाना रोहटा जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद रामपुर/थाना टाण्डा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 06.01.2026 को थाना टाण्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भगतपुर तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त वसीम उर्फ गांधी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना टाण्डा पर पंजीकृत कर अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना टाण्डा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वसीम उर्फ गांधी निवासी ग्राम हकीमगंज थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

## जनपद बाराबंकी/थाना कोतवाली नगर

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 05.01.2026 को थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त शाहिद अली को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शाहिद अली निवासी वजीरबाग चरही थाना सहादतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस—02**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 06 से 08 करोड़ रूपये कीमत की चोरी के विभिन्न कम्पनियों के 821 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः 06.01.2026 को थाना फेस—02 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम ककराला से 06 अभियुक्तों 1—गोविन्दा 2—रोहित 3—श्याम कुमार 4—भरतीया 5—शेखर 6—प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा 02 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 06 से 08 करोड़ रूपये कीमत की चोरी के विभिन्न कम्पनियों के 821 मोबाइल फोन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त एनसीआर क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित करते है, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फेस—02 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गोविन्दा निवासी ग्राम तिगरी थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर मूलपता—ग्राम अब्जूगंज थाना सुल्तानगंज जनपद भागलपुर, बिहार।

2—रोहित निवासी ग्राम बड़ा मवाना थाना मवाना जनपद मेरठ हालपता—हैबतपुर थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

3—श्याम कुमार निवासी ग्राम तिगरी थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर मूलपता—ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जनपद साहिबगंज, झारखण्ड।

4–भरतीया निवासी ग्राम तिगरी थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर मूलपता–ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जनपद साहिबगंज, झारखण्ड।

5–शेखर निवासी ग्राम तिगरी थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर मूलपता–ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जनपद साहिबगंज, झारखण्ड।

6–प्रदीप कुमार निवासी ग्राम तिगरी थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर मूलपता–ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जनपद साहिबगंज, झारखण्ड।

**बरामदगी**

1–लगभग 06 से 08 रूपये करोड़ कीमत की चोरी के विभिन्न कम्पनियों के 821 मोबाइल फोन।

## कमिश्नरेट वाराणसी/थाना सिगरा

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 17 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण**
- **चोरी के माल बिक्री के 01 लाख 62 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 06.01.2026 को थाना सिगरा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बसुन्धरा कॉलोनी से 02 अभियुक्तों 1–रमण 2–प्रेम विश्वनाथ को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 17 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण, चोरी के माल बिक्री के 01 लाख 62 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.12.2025 को थाना सिगरा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी/टप्पेबाजी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रमण निवासी पार्वती नगर थाना वटवा जनपद अहमदाबाद गुजरात।

2–प्रेम विश्वनाथ निवासी सेजपुर टावर नरोडा पाटिया अहमदाबाद गुजरात।

**बरामदगी**

1–लगभग 17 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण।

2–चोरी के माल बिक्री के 01 लाख 62 हजार रूपये नगद आदि।

## जनपद अम्बेडकरनगर/थाना इब्राहिमपुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 41 हजार 600 रूपये नगद**
- **चोरी के पीली धातु (175.9 ग्राम) सफेद धातु (1500 ग्राम) के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 06.01.2026 को थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम पूरा बक्श राय के पास से अभियुक्त मोहम्मद अकराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 41 हजार 600 रूपये नगद, चोरी के पीली धातु (175.9 ग्राम) सफेद धातु (1500 ग्राम) के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.01.2026 को थाना इब्राहिमपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इब्राहिमपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना इब्राहिमपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मोहम्मद अकराम निवासी कमरिया थाना कलवारी जनपद बस्ती।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख 41 हजार 600 रूपये नगद।

2–चोरी के पीली धातु (175.9 ग्राम) सफेद धातु (1500 ग्राम) के आभूषण आदि।

## जनपद मऊ/थाना कोतवाली नगर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 09 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 18 किलो 490 ग्राम अवैध चरस बरामद**

दिनांक 06.01.2025 को थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रामलीला मैदान के पास से 02 अभियुक्तों 1–इमामी अली 2–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 09 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 18 किलो 490 ग्राम अवैध चरस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इमामी अली निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद।

2–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–लगभग 09 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 18 किलो 490 ग्राम अवैध चरस।

➢ **जनपद बांदा/थाना कालिंजर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को मृत्युदण्ड की सजा व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बांदा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बांदा द्वारा थाना कालिंजर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 137(2)/117(2)/118(2) बीएनएस व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अमित को मृत्युदण्ड व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

➢ **जनपद फतेहपुर (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 05 करोड़ 15 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)**

जनपद फतेहपुर पुलिस ने अभियुक्त हाजी रजा मोहम्मद पुत्र मोबीन निवासी मोहल्ला पनी थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर द्वारा अपने गैंग के सदस्य तथा नौकरों के नाम पर अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 05 करोड़ 15 लाख रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

———————